
दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस- 53

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को हाव–भाव के साथ कहानी सुनाएँ एवं विद्यार्थियों को कहानी सुनाने का अवसर दें। साथ ही साथ कहानी के आधार पर बातचीत करें।



जाड़े का मौसम था। सुबह का समय। चारों ओर कोहरा ही कोहरा। एक शेर का बच्चा सिमटकर गोल–मटोल बना जामुन के पेड़ के नीचे सोया हुआ था।

इधर भालू साहब सैर पर निकल तो आए थे लेकिन पछता रहे थे। तभी उनकी नज़र जामुन के पेड़ के नीचे पड़ी।

आँखें फैलाईं, अक्ल दौड़ाई– अहा! फुटबॉल। सोचा, चलो इससे खेलकर कुछ गरमी हासिल की जाए।

# भालू ने खेली फुटबॉल



आव देखा न ताव। भालू जी ने पैर से उछाल दिया शेर के बच्चे को।

हड़बड़ी में शेर का बच्चा दहाड़ा और फिर पेड़ की एक डाल पकड़ ली।

मगर डाल छूट गई। भालू साहब जल्दी ही मामला समझ गए। पछताए, लेकिन अगले ही पल दौड़कर फुर्ती से दोनों हाथ बढ़ाए और शेर के बच्चे को लपक लिया।

अरे, यह क्या? शेर का बच्चा फिर से उछालने के लिए कह रहा था।

एक बार फिर भालू दादा ने उछाला।

दो बार....

तीन बार......

फिर क्या था, बार-बार यही होने लगा।

शेर के बच्चे को उछलने में मज़ा आ रहा था। परंतु भालू थककर परेशान हो गया था।



# भालू ने खेली फुटबॉल



ओह! किस आफत में आ फँसा। बारहवीं बार उछालते ही भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई और गायब हो गया।

अब की बार शेर का बच्चा धड़ाम से ज़मीन पर आ गया। डाल भी टूट गई।

तभी माली वहाँ आया और शेर के बच्चे पर बरस पड़ा– "डाल तोड़ दी पेड़ की! लाओ हर्ज़ाना!"

शेर के बच्चे ने कहा – "ज़रा ठीक तो हो लूँ।"

माली ने कहा – "ठीक है। मैं अभी आता हूँ।"

माली के वहाँ से जाते ही शेर का बच्चा भी नौ-दो ग्यारह हो गया। उसने सोचा – जान बची तो लाखों पाएँ।



दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस- 54

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से भालू के रंग–रूप, भोजन तथा उसके आवास से संबंधित महत्त्वपूर्ण बातों पर चर्चा करें तथा पूरी कक्षा को चार समूहों में बाँटकर भालू के बारे में एक–एक वाक्य बोलने को कहें।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–


(क) पाँच जंगली जानवरों के नाम लिखें।

(ख) भालू कहाँ रहते हैं?

(ग) भालू का रंग कैसा होता है?

(घ) भालू को क्या खाना पसंद है?

## भालू के अंगों के नाम लिखिए–



दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस-55

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से शेर के रंग–रूप, भोजन तथा उसके आवास से संबंधित महत्त्वपूर्ण बातों पर चर्चा करें तथा पूरी कक्षा को चार समूहों में बाँटकर शेर के बारे में एक–एक वाक्य बोलने को कहें।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) इस कहानी में किस मौसम की चर्चा की गई है?

(ख) शेर का बच्चा कैसे सोया हुआ था?

(ग) शेर का बच्चा कहाँ सोया हुआ था?

(घ) भालू साहब किस लिए बाहर निकले थे?

## शेर का चित्र बनाइए–

दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस-56

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से पेड़ के लाभ, प्रकार तथा पेड़ की पत्तियों, शाखाओं, जड़ आदि पर बातचीत करें साथ ही साथ अपने पसंद के पेड़ के बारे में दो वाक्य बोलने को कहें।


## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) आपने जो–जो पेड़ देखे हैं, उनके नाम लिखिए।

(ख) पेड़ हमारे किस–किस काम आते हैं?

(ग) अगर पेड़ नहीं होते तो क्या होता?

## पेड़ के भागों के नाम लिखिए–



दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस- 57

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार के खेलों तथा उससे संबंधित सामग्रियों पर बातचीत करें।

## दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए–

(क) आँखें फैलाईं–

(ख) अक्ल दौड़ाई–

(ग) आव देखा न ताव–

(घ) सैर–

## खाली स्थान में सही शब्द लिखिए–

(क) शेर का बच्चा ................... के पेड़ के नीचे सो रहा था। (आम, केला, जामुन)

(ख) शेर के बच्चे ने पेड़ की ..................... पकड़ ली। (डाल, पत्ती, फूल)

(ग) ..................... का मौसम था। (गर्मी, जाड़े, बरसात)

(घ) तभी उनकी ..................... जामुन के पेड़ के नीचे पड़ी। (पैर, नज़र, हाथ)

## दिए गए चित्रों को उसके सही नाम से मिलाइए–





वॉलीबॉल

फुटबॉल

कबड्डी

क्रिकेट





दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस-58

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से फुटबॉल खेल तथा उससे संबंधित सामग्रियों पर बातचीत करें तथा गेंद (बॉल) से खेले जाने वाले खेल के बारे में बताने को कहें।

भालू ने ठंड से बचने के लिए फुटबॉल खेलने की बात सोची। आप ठंड से बचने के लिए क्या–क्या करते हैं? नीचे लिखे वाक्यों को पढ़ें और सही का निशान लगाएँ।

| | |
|---|---|
| (क) आग तापते हैं। | { } |
| (ख) स्वेटर पहनते हैं। | { } |
| (ग) रज़ाई ओढ़ते हैं। | { } |
| (घ) चाय पीते हैं। | { } |
| (ङ) कसरत करते हैं। | { } |
| (च) गरम दूध पीते हैं। | { } |
| (छ) पुआल में दुबक जाते हैं। | { } |
| (ज) गरम पानी से नहाते हैं। | { } |

शब्दों को समझकर लिखिए–

| अनुस्वार 'न' के रूप में (न्) प्रयुक्त होने वाले शब्द | अनुस्वार 'म' के रूप में (म्) प्रयुक्त होने वाले शब्द |
|---|---|
| बंदर – बन्दर | पंप – पम्प |
| चंदा– | भूकंप– |
| आनंद– | लंबा– |
| सुंदर– | खंभा– |

खेलों के नाम लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| क्रिकेट | | |
| | | |
| | | |

दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस-59

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से किसी भी शब्द से वाक्य बनाने की प्रक्रिया पर बातचीत करें तथा प्रत्येक विद्यार्थी को किसी एक शब्द से एक वाक्य बनाने और उसे बोर्ड पर लिखने को कहें।

## दिए गए अक्षरों से शब्द बनाइए–

त ा ज म ह ल

| | | |
|---|---|---|
| ताज | | |
| | | |
| | | |

## दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

सुबह–

भालू–

जामुन–

भालू जब शेर के बच्चे को उछाल रहा था तो उसे मज़ा आ रहा था। आपको कौन–कौन सा काम करने में मज़ा आता है? लिखिए।

दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस- 60


**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को पेड़ तथा घर के पर्यायवाची शब्द की समझ दें तथा बोर्ड पर कुछ शब्दों को देकर उनके पर्यायवाची शब्द बोलने को कहें।

## चित्र को उसके सभी नाम के साथ मिलाइए–

लता

पेड़



गाछ

आम

झाड़ी

वृक्ष

कमल

पौधा

मंदिर

घर



भवन

गुरुद्वारा

मस्जिद

मकान

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) भालू क्यों थक गया?

(ख) माली शेर के बच्चे पर क्यों गुस्सा हो गया?

(ग) यदि आप माली की जगह होते तो क्या करते?

(घ) यदि भालू शेर के बच्चे को फुटबॉल न समझता तो क्या होता?

दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस- 61

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को उल्टे (विलोम) शब्द की समझ दें तथा बोर्ड पर दिए गए नए शब्दों को लिखकर उसका विलोम शब्द लिखवाएँ।

## दिए गए वाक्यों को पढ़ें और बताएँ कि ये वाक्य किसने कहा और कब कहा?

| वाक्य | किसने कहा | कब कहा |
|---|---|---|
| (क) अहा! फुटबॉल, चलो इससे खेलकर कुछ गरमी हासिल की जाए। | | |
| (ख) डाल तोड़ दी पेड़ की! लाओ हर्ज़ाना! | | |
| (ग) जरा ठीक तो हो लूँ। | | |
| (घ) ओह! किस आफत में आ फँसा। | | |
| (ङ) ठीक है। मैं अभी आता हूँ | | |

## माली ने कहा– मैं अभी आता हूँ। 'आता' का उल्टा होगा– 'जाता'। बताइए इनका उल्टा क्या होगा–

(क) जाड़ा –

(ख) छूटना –

(ग) सोया –

(घ) जाना –

(ङ) बच्चा –

(च) कहना –

## अगर शेर का बच्चा नहीं भागता तो क्या होता?

| दिनांक | # भालू ने खेली फुटबॉल | दिवस- 62 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

'भालू ने खेली फुटबॉल' की पूरी कहानी का प्रश्नोत्तरी द्वारा पुनरावर्त्तन करवाएँ तथा शब्दों के लिंग निर्धारण के तरीकों पर बातचीत करें।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) भालू घर की तरफ क्यों भागा?

(ख) अगर आप भालू होते तो क्या करते?

(ग) शेर का बच्चा कहाँ सोया हुआ था?

(घ) शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी थी?

(ङ) आप अपने दोस्तों के साथ कौन–कौन से खेल खेलते हैं?

## जोड़ी बनाइए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| शेर | मोरनी | दादा | लड़की |
| गाय | चुहिया | नाना | चाची |
| मोर | शेरनी | चाचा | दादी |
| चूहा | बैल | लड़का | नानी |

## समान लय वाले शब्द लिखिए–

बच्चा–

चक्का–

खट्टा–

कुत्ता

दिनांक

# भालू ने खेली फुटबॉल

दिवस- 63

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'भालू ने खेली फुटबॉल' की पूरी कहानी सुनें तथा अभ्यास–पुस्तिका में दिए गए मुहावरों पर बातचीत करें।

## पहले क्या हुआ, फिर क्या–क्या हुआ? क्रम से सजाकर लिखिए–

(क) भालू ने शेर के बच्चे को उछाल दिया।

(ख) शेर का बच्चा धड़ाम से ज़मीन पर आ गया।

(ग) भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई।

(घ) भालू साहब सैर को निकले।

(ङ) तभी माली वहाँ आ गया।

(च) शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल पकड़ ली।

(छ) शेर का बच्चा नौ–दो ग्यारह हो गया।

## दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए–

नौ–दो ग्यारह होना–

जान बची तो लाखों पाएँ –

वक्त

आफत –

हर्ज़ाना–

## समझकर लिखिए–

| | |
|---|---|
| बच्चा – बच्चे | अच्छा – |
| कच्चा – | मक्का – |
| सच्चा – | पक्का – |
| चक्का – | पत्ता – |